StartingBlocks.gov.au

# अपने बच्चे के लिए सही सेवा का चयन करना

आपके और आपके बच्चे के लिए सही सेवा का चयन करना उत्साहजनक और कभी-कभी अभिभूत करने वाला समय हो सकता है. यह महत्वपूर्ण है कि आप विकल्पों पर पहले ही विचार कर लें और अपने परिवार के अनुरूप और अपने बच्चे के लिए सबसे फायदेमंद प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल के प्रकार पर खोजबीन कर लें.

## मेरे विकल्प क्या हैं?

आपके परिवार और आपके बच्चे की ज़रूरतों के अनुसार शिक्षा और देखभाल के कई विकल्प उपलब्ध हैं.

### + पूर्णदिवसीय देखभाल

पूर्णदिवसीय देखभाल उन लोगों के लिए आदर्श है जो दिन-भर काम करते हैं और उस दौरान उनके बच्चों को देखभाल की आवश्यकता होती है. इसका संचालन दिन में कम से कम 8 घंटों के लिए होता है और यह बच्चों के देखभाल केंद्रों में आम तौर पर  सोमवार से शुक्रवार तक होता है व इसमें नवजात से पाँच वर्ष तक के बच्चों की देखभाल होती है.

### + पारिवारिक दिवाकालीन देखभाल

पारिवारिक दिवाकालीन देखभाल उन माता-पिता के लिए सर्वोत्तम है जो ऐसा समझते हैं कि उनके बच्चों के लिए पारिवारिक वातावरण वाले छोटे समूहों में खेलना और सीखना अच्छा होता है. यहाँ नवजात से लेकर 12 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल की जाती है और बच्चे एक पंजीकृत प्रशिक्षक के घर में रहते हैं.

### + बच्चों की आकस्मिक देखभाल

आकस्मिक देखभाल ज़रूरत के आधार पर छोटे समयांतरालों के लिए की जाती है. यह नवजात से पाँच वर्ष तक के बच्चों की देखभाल के लिए होती है और अस्थायी सेवा चाहने वाले लोगों या ऐसी आवश्यकता वाले लोगों के लिए उपयोगी होती है.

### + प्री-स्कूल सेवाएँ

प्री-स्कूल तीन से पाँच वर्ष तक के बच्चों की देखभाल करता है और उन माता-पिता के लिए बिल्कुल सही है जिनके बच्चे प्राथमिक विद्यालय जाने के लिए लगभग तैयार हैं. कभी-कभी किंडरगार्टन कही जाने वाली यह सेवा एक स्वतंत्र सेवा के रूप में या पूर्णदिवसीय देखभाल या पारिवारिक दिवाकालीन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में भी हो सकती है.

### + सचल सेवाएँ

सचल सेवाएँ समुदायों में घूम कर ग्रामीण, शहरी और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आकस्मिक, प्री-स्कूल या पूर्णदिवसीय सेवाएँ प्रदान करती हैं. ये आम-तौर पर पाँच वर्ष तक के बच्चों की देखभाल करती हैं और उन माता-पिता के लिए सर्वोत्तम होती हैं जो प्रारम्भिक शिक्षा और देखभाल के स्थान से काफी दूर रहते हैं.

### + विद्यालय के बाहर के समय हेतु सेवा

विद्यालय के बाहर के समय हेतु सेवाएँ विद्यालय के पहले और बाद के समय या अवकाश के दिनों में कार्य करती हैं. यह सेवा उन माता-पिता के लिए सही होती है जिनके विद्यालय जाने वाले बच्चों को विद्यालय की अवधि के अतिरिक्त देखभाल की ज़रूरत होती है.

### + बच्चों की देखभाल के अन्य विकल्प

बच्चों की देखभाल के अन्य कई विकल्प उपलब्ध हैं, जिनमें परिवार, मित्र, बेबीसिटर और नैनी आदि आते हैं. ये सेवाएँ काफी लचीली होती हैं और काफी हद तक परिवार की ज़रूरतों के अनुसार कार्य करती हैं. ये आम-तौर पर घरों से कार्य करती हैं और इनका संचालन समय अलग-अलग हो सकता है .



